अमर उजाला 15/11/2022

# जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए कपड़े



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्य गैर राजनीतिक संस्था ड्रॉफस ऑफ चेंज के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. सीमा कंसल के निर्देशानुसार तथा विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस नैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। 117 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी करके मानवता की एक बेजोड़ मिसाल कायम की। कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र वितरण किए गए। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला डॉ. लवप्रीत सिंह और विशाल उपस्थित रहे। संवाद